अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

पुलिस के देर से पहुंचने पर लोगों में आक्रोश

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज में रविवार सुबह पूजा के लिए फूल तोड़ने जा रहे अधेड़ की सड़क हादसे में मौत हो गयी। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के देर से पहुंचने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली।

जानकारी के अनुसार, पाठक का पूरा निवासी संतोष कुमार शुक्ला (करीब ५० वर्ष), पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल शुक्ला, रविवार सुबह पूजा के लिए फूल तोड़ने लखनऊ राजमार्ग पर एचपी पेट्रोल पंप के सामने लगे फूलों के पेड़ के पास जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह सड़क पर गिरकर अचेत हो गये।

घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि सूचना मिलने के काफी देर बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे लोगों में नाराजगी व्याप्त हो गयी। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में शोक छा गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना को अंजाम देकर फरार हुए अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कारर्वाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मऊआइमा में निकला कर्ण घोड़ा जुलूस।

कर्ण घोड़ा और आकर्षक झांकियोंके साथ ऐतिहासिक रामलीलाका आगाज

मुकुट पूजनके बाद रामबाग में शुरू हुआ मंचन, जुलूस में उमड़ा जनसैलाब


मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार देर शाम कर्ण घोड़ा और मनोहारी झांकियों के साथ ऐतिहासिक रामलीला का भव्य शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर निकला पारंपरिक जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।रामलीला समिति के तत्वावधान में निकाला गया यह जुलूस सदर बाजार से प्रारंभ होकर नाटी इमली, चुनौंटा कुआं, मोहल्ला कोट और गंजिया बाजार होते हुए रामबाग पहुंचा। रामबाग स्थित मंच पर आचार्यों द्वारा विधि-विधान से मुकुट पूजन की रस्म संपन्न कराई गई, जिसके पश्चात रामलीला के मंचन की विधिवत शुरुआत हुई। पूजनोपरांत जुलूस अपने तय मार्ग से होते हुए गंतव्य पर पहुंचकर संपन्न हुआ। समारोह के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष सचिन साहू, मुख्य संरक्षक निमिष खत्री, महामंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद, सभासद रवि साहू सहित समिति के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

दहेजमें बाइक और तीन लाख रुपये न मिलने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोप है कि दहेज में यामाहा आर-१५ बाइक और तीन लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने विवाहिता के साथ मारपीट की। इसके बाद सास और ननद के साथ मिलकर उसके गहने छीन लिए और उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त यमुनानगर को दी गयी शिकायत के अनुसार, औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र के मैकुआ टेसला निवासी अंजनी पुत्री शिवप्रसाद की शादी जून २०२३ में मध्य प्रदेश के जबलपुर थाना क्षेत्र के राजापुर निवासी उदयराज के पुत्र रामबली निषाद के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल में रहने लगी। पीड़िता का आरोप है कि पति रामबली निषाद उससे यामाहा आर-१५ बाइक और तीन लाख रुपये की मांग करने लगा। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। इस दौरान पीड़िता ने एक बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम आयुषी है और उसकी उम्र करीब दो वर्ष है। आरोप है कि ननद रेनू, उसके पति सोनू, सास राजकुमारी और पति ने उसके गहने छीनकर घर से निकाल दिया। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर उसे और उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी गयी। इसके बाद से पीड़िता मायके में रह रही है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कारर्वाई की जायेगी।

शारदीय नवरात्र में जगह-जगह स्थापित हुईं मां दुर्गा की प्रतिमाएं



बरगढ़ (चित्रकूट)। शारदीय नवरात्र का पावन पर्व रविवार, ११ अक्तूबर से शुरू हो गया। नवरात्र के पहले दिन बरगढ़ कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। देवी पण्डालों में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। मां के आगमन से कस्बे में रौनक बढ़ गयी है और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

नवरात्र शुरू होते ही बरगढ़ के बीच बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर बने दुर्गा पण्डालों और देवी मंदिरों में चहल-पहल बढ़ गयी। पूजा समितियों की ओर से मां दुर्गा के स्वागत के लिए पण्डालों को फूलों, रंग-बिरंगी लाइटों और चुनरियों से सजाया जा रहा है। सजावट का काम जोर-शोर से चल रहा है। पहले दिन से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों और पण्डालों में पहुंचने लगे हैं। नवरात्र को लेकर बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। पूजन सामग्री, चुनरी, नारियल, फूल और माला की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोग मां दुर्गा की पूजा के लिए आवश्यक सामग्री खरीदते नजर आए।

श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्हें पूरे साल नवरात्र पर्व का इंतजार रहता है। मां दुर्गा के आगमन से कस्बे में धार्मिक उत्साह का माहौल बन गया है। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी। पूजा समितियां पर्व को भव्य और व्यवस्थित बनाने की तैयारियों में जुटी हुई हैं।

बिजली बिल में गड़बड़ी का आरोप

२९२२३ रुपये बकाया दिखने से किसान परेशान

खीरी (प्रयागराज)। बिजली विभाग की ओर से जारी बिल में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आया है। बिजली बिल में अचानक भारी बढ़ोतरी होने से किसान परिवार परेशान है। पीड़ित ने अधिकारियों से मामले की जांच कर बिल में सुधार कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, खीरी थाना क्षेत्र के विद्युत पावर हाउस लाल के अंतर्गत चांद खंभा, खरबड़िया गांव निवासी जयशंकर प्रसाद पांडेय ने बताया कि उनके बिजली कनेक्शन का बिल गलत तरीके से बकाया दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि अगस्त महीने में उनके बिजली बिल पर २२०० रुपये बकाया था, लेकिन अक्तूबर में जारी बिल में बकाया राशि बढ़कर २९२२३ रुपये दिखायी जा रही है। पीड़ित का कहना है कि अचानक इतनी अधिक बकाया राशि दिखने से उनका परिवार आर्थिक परेशानी में पड़ गया है। उन्होंने ९ अक्तूबर को एसडीओ यमुनापार को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया और जांच कराकर बिल दुरुस्त कराने की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ यमुनापार ने संबंधित अवर अभियंता (जेई) को मौके पर जाकर जांच करने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिये हैं। पीड़ित ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द समस्या का समाधान कराने की गुहार लगायी है।

२० साल से नहर में पानी का इंतजार कर रहे किसान

रामपुर (प्रयागराज)। करछना तहसील क्षेत्र के पुरवा खास से तिलखवार गांव की आयेर जाने वाली तिलखवार माइनर नहर में पिछले २० वर्षों से पानी नहीं आने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि नहर की नियमित साफ-सफाई भी नहीं होती, जिससे फसलों की सिंचाई में परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं, सिंचाई विभाग के अवर अभियंता मनोज कुमार का दावा है कि नहर में नियमित रूप से पानी मिलता है। ऐसे में विभागीय दावे और ग्रामीणों की शिकायतों में विरोधाभास सामने आया है।

ग्रामीण रजो भान सिंह ने बताया कि नहर में करीब दो दशक से पानी नहीं आया है। खासकर बीच के हिस्से तक पानी नहीं पहुंचने से किसानों को सिंचाई के लिए दूसरे साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं, गंगा प्रसाद पांडेय का कहना है कि लंबे समय से नहर की नियमित सफाई नहीं करायी गयी है। इससे उसकी स्थिति खराब हो गयी है और पानी की उपलब्धता को लेकर भी समस्या बनी हुई है।

सिंचाई विभाग के दावे पर उठे सवाल

ग्रामीण हरिश्चंद्र यादव ने भी नहर में नियमित पानी नहीं आने और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त न होने की शिकायत की। उनका आरोप है कि अधिकारी समस्या का स्थायी समाधान करने के बजाय खानापूर्ति कर रहे हैं।ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग से नहर का स्थलीय निरीक्षण कराने, नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और पानी की आपूर्ति की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि नहर में पानी पहुंचने से उन्हें फसलों की सिंचाई में राहत मिलेगी। अब देखना है कि विभाग ग्रामीणों की शिकायतों की जांच कर समस्या का समाधान कब तक करता है।



पानी न पहुंचने से सूखी नहर।

सदन में उठायेंगे बेरोजगार युवाओं का मुद्दा-अशोक

हंडिया (प्रयागराज)। भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर ने कहा कि वह स्नातक पास बेरोजगार युवाओं की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाएंगे। हंडिया क्षेत्र के उपरदहा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने युवाओं को बेहतर अवसर और आवश्यक सहयोग दिलाने के लिए प्रभावी ढंग से प्रयास करने का भरोसा दिया। अशोक राठौर ने कहा कि युवाओं के रोजगार और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दे महत्वपूर्ण हैं। इन समस्याओं को संबंधित मंचों पर उठाकर उनके समाधान की दिशा में काम करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

एमएलसी चुनाव के भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर के पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान अनिल साहू ने उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मौजूद समर्थकों ने उनका स्वागत करते हुए अपनी बात रखी। इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद गुप्ता, अनिल साहू, देवेंद्र गुप्ता, सुनील गुप्ता, डा. क्रांति तिवारी, सुनील जसवाल, सूबेदार गुप्ता, रामजी साहू, बृजेश गुप्ता, अवधेश गुप्ता, प्रधान रमन बिंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते अशोक राठौर।

फाफामऊ-सहसों मार्ग पर दिन भर जलती हैं स्ट्रीट लाइटें, बिजली की बर्बादी

फाफामऊ (प्रयागराज)। फाफामऊ-सहसों हाईवे पर १५ किलोमीटर लंबे मार्ग के डिवाइडर पर लगी स्ट्रीट लाइटें दिन भर बेवजह जलती रहती हैं। इसके चलते न केवल बड़े पैमाने पर बिजली की बर्बादी हो रही है, बल्कि उपकरण भी समय से पहले खराब होने की कगार पर पहुंच रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, महाकुंभ के दौरान सड़क चौड़ीकरण कार्य के तहत डिवाइडर पर ये स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गयी थीं। शुरुआत में करीब एक वर्ष तक ये लाइटें बंद पड़ी रहीं। बीते जनवरी माह में इन्हें चालू किया गया, लेकिन तब से यह स्थिति है कि जब तक विद्युत आपूर्ति चालू रहती है, तब तक दिन में भी ये लाइटें लगातार जलती रहती हैं। तेज धूप में भी स्ट्रीट लाइटों के जलते रहने से स्थानीय राहगीर और ग्रामीण हैरान हैं।

इस संबंध में अवर अभियंता ने बताया कि तकनीकी खराबी (कट) होने के कारण ये लाइटें दिन भर जलती रहती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर से लेकर ग्रामीण सीमा तक इन स्ट्रीट लाइटों के संचालन, रखरखाव और इन्हें जलाने-बुझाने की जिम्मेदारी नगर निगम निर्माण विभाग की है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से इस तकनीकी समस्या को अविलंब दुरुस्त कराने और बिजली की अनावश्यक बर्बादी रोकने की मांग की है।



रामलीला से पहले मुकुट पूजन करते कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य।

सुदनीपुर कला में रामलीला से पहले मुकुट पूजन विधि-विधान से संपन्न

हनुमानगंज (प्रयागराज)। बहादुरपुर विकासखंड के सृजन नगर स्थित सुदनीपुर कला में रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला मंचन की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। इसी क्रम में रविवार शाम ६ बजे रामलीला प्रांगण में भगवान श्रीराम का मुकुट पूजन, भूमि पूजन और ग्राम देवता का पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और धार्मिक आस्था देखने को मिली।

पूजन कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शामिल होकर धार्मिक आयोजन की सफलता के लिए प्रार्थना की। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि रामलीला मंचन से पहले मुकुट पूजन और भूमि पूजन की परंपरा धार्मिक आस्था का प्रतीक है। इसके माध्यम से भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजन की शुरुआत की जाती है। रामलीला कमेटी के प्रबंधक प्रवीण द्विवेदी ने ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं से रामलीला कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने पूजन कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की सहभागिता से धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ती है। कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष कमलाशंकर दुबे, उपप्रबंधक इंद्रमणि दुबे, उपाध्यक्ष राजेश सिंह सहित कमेटी के अन्य पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

दो साल बाद भी रामपुर फ्लाईओवरपर नहीं लगे सुरक्षा गार्ड

रामपुर (प्रयागराज)। करछना तहसील क्षेत्र के रामपुर फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हुए करीब दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इसके दोनों किनारों पर सुरक्षा गार्ड नहीं लगाए गये हैं। वहीं, रात के समय स्ट्रीट लाइटें खराब होने से फ्लाईओवर पर अंधेरा छाया रहता है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी के साथ हादसे का खतरा भी बना रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि फ्लाईओवर पर सुरक्षा गार्ड नहीं होने से तेज आंधी और तूफान के दौरान राहगीरों के गिरने का खतरा बना रहता है। उनके मुताबिक, पूर्व में भी यहां कई लोगों की जान जाने की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गये हैं। राहगीरों की सुविधा और सुरक्षा के लिए फ्लाईओवर पर स्ट्रीट लाइटें लगायी गयी हैं, लेकिन लंबे समय से इनके बंद रहने से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों के मुताबिक रात के समय अंधेरे में फ्लाईओवर से गुजरना जोखिम भरा हो जाता है। वहीं, स्थानीय निवासी अनिल कुमार ने बताया कि फ्लाईओवर पर सुरक्षा गार्ड के अभाव के साथ ही खराब स्ट्रीट लाइटें भी परेशानी का कारण बनी हुई हैं। रात में अंधेरा रहने से वाहन चालकों को आगे का रास्ता देखने में दिक्कत होती है। ऐसे में किसी वाहन का संतुलन बिगड़ने पर गंभीर हादसा होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर पर सुरक्षा गार्ड और रोशनी की व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। उन्होंने संबंधित विभाग से दोनों किनारों पर जल्द सुरक्षा गार्ड लगाने और खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि राहगीरों का आवागमन सुरक्षित हो सके।

हादसे का खतरा



रामपुर फ्लाईओवर पर शाम के समय बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट।

निबी गांव में १४ से सात दिवसीय रामलीला

प्रतापपुर (प्रयागराज)। विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र के निबी गांव में १४ अक्तूबर से सात दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी श्री हरि रामलीला समिति के अध्यक्ष शशिभूषण दुबे ने दी।

उन्होंने बताया कि रामलीला का शुभारंभ कुशल कलाकारों द्वारा नारद मोह, मनु-शतरूपा और श्रीराम जन्म की लीलाओं से होगा। इसके बाद विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जायेगा। सातवें दिन कुंभकर्ण, मेघनाद और रावण वध के साथ रामलीला का समापन होगा। वहीं, २१ अक्तूबर को विजयादशमी के अवसर पर मेले का आयोजन किया जायेगा। समिति की ओर से आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। रामलीला और मेले को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है।

महिलाओं को अधिकारों एवं सुरक्षा हेल्पलाइन के प्रति किया जागरूक

एसीपी कुंजलता के नेतृत्व में निकली 'मिशन शक्ति' रैली

नैनी (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार शाम नैनी क्षेत्र में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत भव्य जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के जरिये महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक पीयूष रंजन निषाद ने विधिवत फीता काटकर किया। इसके बाद नैनी कस्बा पुलिस चौकी के समीप प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे से एसीपी करछना कुंजलता के नेतृत्व में जागरूकता रैली रवाना हुई। नैनी इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सिंह की देखरेख में आयोजित इस रैली में महिला पुलिस कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली को संबोधित करते हुए एसीपी कुंजलता एवं पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या असुरक्षा की स्थिति में महिलाएं चुप न रहें, बल्कि निडर होकर आवाज उठाएं और तुरंत पुलिस की सहायता लें।

रैली के दौरान बैनर एवं पोस्टरों के माध्यम से आपातकालीन सेवा ११२, वूमेन पावर लाइन १०९० और एम्बुलेंस सेवा १०८ जैसे आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार-प्रसार कर महिलाओं को संकट के समय इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

पौधे लगाकर उन्हें जीवित रखना हम सभी की जिम्मेदारी-ग्राम प्रधान

प्रतापपुर (प्रयागराज)। पौधे लगाकर उन्हें जीवित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। यह बातें विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र के नासिरपट्टी गांव के ग्राम प्रधान नागेंद्र कुमार सिंह ने शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री के नाम पर फलदार पौधरोपण के दौरान कहीं।

गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में पौधरोपण करते हुए ग्राम प्रधान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उनकी नियमित देखभाल करना भी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। नवरात्र जैसे पावन अवसर पर पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। इस मौके पर लालचंद यादव, संतोष कुमार, पप्पू सिंह, रमण यादव, चंद्रभूषण सिंह, इंद्रराज, गुलाबचंद, सूर्यबली और सोहनलाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

कुपोषित बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, बांटी गयी दवा

कोरांव ब्लाक मुख्यालय पर लगा विशेष स्वास्थ्य शिविर, ३२ में से १३ बच्चे मिले कुपोषित

कोरांव (प्रयागराज)। विकास खंड मुख्यालय पर रविवार को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा चिह्नांकित किए गये सभी सैम (गंभीर तीव्र कुपोषित) बच्चों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों की जांच कर अभिभावकों को पोषण संबंधी जरूरी सुझाव दिये तथा आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित कीं।

चिल्ड्रेंस हास्पिटल प्रयागराज से आए डा. विकास चंदौलिया एवं डा. अंकित तिवारी ने अभिभावकों से संवाद करते हुए कहा कि बच्चों के खानपान और पोषण के प्रति विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक विकास और पोषण स्तर की नियमित जांच कराते हुए उन्हें संतुलित आहार देना चाहिए। यदि किसी पोषक तत्व की कमी हो, तो चिकित्सीय परामर्श के अनुसार दवाएं व सप्लीमेंट्स अवश्य दें। स्वास्थ्य कैंप में पहुंचे कुल चिह्नांकित ३२ बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत १३ बच्चे कुपोषित पाए गए, जिनके उपचार व विशेष देखभाल की रूपरेखा तैयार की गयी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सेविका अंबिका, जूही गुप्ता, सोनम साहू, प्रियंका भारती, शाहीन रिजवी, नम्रता यादव, दामिनी सिंह, ब्लाक कोआर्डिनेटर विपुल कुमार और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री पूजा तिवारी सहित अन्य स्वास्थ्य व बाल विकास कर्मी उपस्थित रहे।



कोरांव ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में शामिल चिकित्सक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां।

वर्षों से शौचालय की रकम का इंतजार, खुले में शौच के लिए मजबूर ग्रामीण

जसरा और शंकरगढ़ ब्लाक के कई गांवों में स्वच्छ भारत मिशन के लाभ का इंतजार

लालापुर (प्रयागराज)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए आवेदन करने के बावजूद जसरा और शंकरगढ़ ब्लाक के कई गांवों के ग्रामीण वर्षों से सरकारी सहायता राशि का इंतजार कर रहे हैं। शौचालय नहीं बन पाने के कारण परिवार के सदस्यों को खेतों और सड़क की पटरियों पर खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आनलाइन आवेदन कराने के बाद भी खाते में अब तक धनराशि नहीं पहुंची है।

ग्रामीणों के मुताबिक आबादी बढ़ने और परिवारों के बंटवारे के बाद कई घरों में शौचालय की आवश्यकता बढ़ गयी है। पात्र होने के बावजूद सहायता राशि नहीं मिलने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार आनलाइन आवेदन कराने और जानकारी लेने के बावजूद वर्षों से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। जसरा ब्लाक के सुजौना, पूरे किन्नर, जगदीशपुर, नगरवार, कचरा, मानपुर, बेलामुंडी, पचवर, गोझवार, मझियारी, घूरी और गोबरा तरहार सहित कई गांवों के लोग योजना के लाभ का इंतजार कर रहे हैं। वहीं शंकरगढ़ ब्लाक के अमिलिया, नौणिहा तरहार, सेमरी पडुवा, प्रतापपुर, मदुरी, भटपुरा, लालापुर, गोइसरा, इछौरा और जोधी आदि गांवों में भी ग्रामीणों की यही समस्या बताई जा रही है। इस संबंध में एडीओ पंचायत जसरा विनोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि शौचालय की सहायता राशि खाते में भेजी जानी शुरू हो गयी है। पात्रता सूची में शामिल लोगों को जल्द ही योजना का लाभ मिलेगा और उनके शौचालय बनाए जाएंगे।

मऊआइमा में दस स्थानों पर स्थापित हुईं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के अवसर पर रविवार को दस स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। शुभ मुहूर्त में पंडितों ने विधि-विधान से कलश स्थापना कर पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद आरती हुई। इस दौरान पूजा पण्डालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और मां दुर्गा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।जानकारी के अनुसार, मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के सदर बाजार, मुस्तफाबाद, चुनौटा कुआं, गंजिया बाजार की बर्तन वाली गली में पीपल के पेड़ के नीचे, पूरा काजी दलित बस्ती, हनुमानगढ़ी, पूरा काजी, पक्का तालाब, गुलकाईपुर चक्का, हेलाबस्ती और पूरे मियां जी सहित विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं।

रविवार को पूजा-अर्चना और आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारे लगाए। पण्डालों में भक्तों की आवाजाही बनी रही और आसपास का वातावरण भक्तिमय नजर आया। गंजिया बाजार की बर्तन वाली गली में पीपल के पेड़ के नीचे स्थापित दुर्गा प्रतिमा की आरती के दौरान सभासद रवि साहू, राकेश केसरवानी, अमन साहू, प्रज्ज्वल केसरवानी, सचिन मौर्य और रवि केसरवानी सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं संचालक मौजूद रहे।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : **शार्दूल विक्रम गुप्त**

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४८)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।